दिनांक 01.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुखिया ने समाज के अंतिम व्यक्ति को भर पेट भोजन मिलें इस सोच के साथ पंडित दीनदयाल श्रम अन्न सहायता योजना प्रारम्भ किया है जिसका शुभारम्भ दुर्ग जिले के निगम भिलाई क्षेत्र में किया जा रहा है।

उक्त उद्गार वैशाली नगर क्षेत्र के विधायक विद्यारतन भसीन ने जीई रोड के किनारे मजार के पास नवनिर्मित भवन में संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए भर पेट भोजन खिलाने की योजना का शुभारम्भ करते हुए व्यक्त किये। उन्होने कहा कि नववर्ष के पहले दिन इस योजना का शुभारम्भ हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने उन श्रमिकों की भोजन की चिंता किये जो सुबह से काम में घर से निकल जाते हैं इस केन्द्र के चालु हो जाने से श्रमिक यहॉ बैठकर भोजन कर सकतें हैं अथवा टिफिन ले जा सकतें है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाधीश उमेश अग्रवाल ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि छ0ग0 शासन ने संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिक जो सुबह से ही घर से काम में निकल जाते हैं उन्हे पांच रुपये में भर पेट भोजन कराने पंडित दीनदयाल अन्न सहायता योजना प्रारम्भ किया है जिसका शुभारम्भ नववर्ष के पहले दिन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मॉ अन्नपूर्णा देवी के तैल चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में रायपुर के सहायक श्रमायुक्त डी0पी0 तिवारी, दुर्ग के प्रभारी सहायक श्रमायुक्त संजय सिंह, निगम के प्रभारी अधिकारी शरद दुबे, एल0के0 शर्मा, रत्नाकर माटे, शिव, रजवाड़े, किशोर चौकसे, सुप्रिया ध्रुव, स्वच्छता निरीक्षक ए0के0 शर्मा, रामायण सिंह उपस्थित थे।

जनसंपर्क विभाग